हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 18 नवंबर 2025

11 रामलीला नाट्य मंचन में वैश्य इंटरनेशनल स्कूल जीता



12 विद्यांतरिक्ष स्कूल भिवानी में आयोजित की स्पर्धा



## खबर संक्षेप

### प्रदेश सरकार ने शुरू की दयालु योजना : डीसी

**चरखी दादरी।** किसी भी नागरिक की सड़कों पर घूम रहे पशुओं से होने वाली दुर्घटना में मृत्यु या दिव्यांगता होने पर दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए दयालु योजना पोर्टल का सरलीकरण किया गया है। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश में दयालु योजना पोर्टल का शुभारंभ किया है। उन्होंने कहा कि दयालु पोर्टल सरकार की पारदर्शी और सरल सेवा वितरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस डिजिटल पहल से पात्र परिवारों को इस योजना का लाभ और अधिक तेजी व सटीकता के साथ मिलेगा। योजना का लाभ डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाते में भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि दयालु योजना के तहत किसी नागरिक की सडकों पर घूम रहे पशुओं से दुर्घटना में मृत्यु या दिव्यांगता हो जाने पर उन परिवारों को एक लाख से पांच लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

### महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर 22 को

**भिवानी।** महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था ने 22 नवंबर सुबह 9 बजे सामान्य अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। कार्यक्रम के मुख्यातिथि डीएसपी क्राइम अनूप कुमार होंगे, जो रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करेंगे और मानवसेवा के महत्व पर प्रकाश डालेंगे। इस अवसर पर नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज को समानता, शिक्षा और मानवता की दिशा में जो मार्ग दिखाया, वह आज भी पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांगजन को मिलेगा पुरस्कार, मांगे आवेदन

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि सेवा विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए दिव्यांगजन के क्षेत्र में सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं तथा अधिकारियों को राज्य पुरस्कार प्रदान किए जाने का प्रावधान किया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थाएं अपनी उपलब्धियों का विवरण प्रमाण-पत्र सहित विभागीय वेबसाइट पर 20 नवम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। इन पुरस्कारों का उद्देश्य समाज में दिव्यांगजन के कल्याण, पुनर्वास, शिक्षा, प्रशिक्षण एवं सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं संगठनों को सम्मानित कर समाज में सकारात्मक प्रेरणा देना है।

### सार्वजनिक प्रदर्शन में शामिल लाइसेंसी हथियार किए जाएंगे जब्त

# ऑपरेशन ट्रैक डाउन में हथियारों के साथ 3 आरोपी काबू, पकड़वाए कान

विासा गांव के पकड़े गए तीन बदमाश, विशांत, ओमबीर व योगेश से दो पिस्तौल, चार मैगजीन व चार कारतूस किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा वांछित व संगीन अपराध में शामिल अपराधियों के विरुद्ध ऑपरेशन ट्रैक डाउन अभियान चलाया हुआ है। इस अभियान के तहत जिला पुलिस ने ईनामी व वांछित कुल 23 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ऑपरेशन ट्रैक डाउन अभियान के तहत सीआईए स्टाफ-2 भिवानी की टीम ने गांव रिवासा, तोशाम से तीन आरोपियों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए सभी आरोपी आपराधिक संगठित गिरोह के सदस्य हैं। पुलिस गिरफ्त में अपराधी कान पकड़े नजर आए। पकड़े गए आरोपियों में 23 वर्षीय विशांत उर्फ विशु पुत्र अशोक निवासी गांव रिवासा शामिल है। आरोपी एलएलबी प्रथम वर्ष का छात्र है। आरोपी से एक देशी पिस्तौल, एक मैगजीन व एक कारतूस बरामद किया गया है। वहीं, 26 वर्षीय ओमबीर उर्फ गोलू पुत्र हवासिंह निवासी गांव रिवासा को काबू किया गया है। आरोपी ओमबीर ने गांव में मोबाइल की दुकान की हुई है। आरोपी से दो मैगजीन व दो कारतूस बरामद किए गए हैं। वहीं, 22 वर्षीय योगेश उर्फ योगी पुत्र सुभाष निवासी गांव रिवासा खेतीबाड़ी व मेहनत मजदूरी का कार्य करता है। आरोपी से एक पिस्तौल, एक मैगजीन और एक कारतूस को बरामद किया गया है।




**भिवानी।** पिस्तौल के साथ पकड़े गए आरोपी पुलिस हिरासत में कान पकड़े हुए।

### दो करोड़ की फिरौती मांगने वाला पकड़ा

सीआईए स्टाफ 2 भिवानी की टीम ने बहल निवासी रविन्द्र से व्हाटसअप पर वॉयस मैसेज भेज कर दो करोड़ रुपये की फिरौती मांगने के मामले में आरोपी लिछमण पुत्र धनाराम निवासी भोजान जिला चुरू, राजस्थान को भिवानी से गिरफ्तार किया था। आरोपी लिछमण का बहल निवासी सेठ केदारनाथ के साथ 200 गज के प्लाट को लेकर विवाद था। आरोपी लिछमण का लड़का मुकेश भी हत्या के मामले में सीकर जेल में बंद है। जो विवादीत प्लाट पर कब्जे की नियत से आरोपी लिछमण ने बहल निवासी रविन्द्र से दो करोड़ की फिरौती मांगी थी।

### एक लाख रुपये की रंगदारी में आरोपी धरे



नरसिंह निवासी पिंजोखरा ने थाना तोशाम पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि आरोपी सोनू व विकास ने ठेका चलाने की एवज में शिकायतकर्ता से एक लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। रुपये न मिलने पर जान से मारने की धमकी दी थी। सोनू पुत्र राजपाल निवासी पिंजोखरा 20 दिन पहले ही जमानत पर आया था। आरोपी पर हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, लूट व आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत कुल 8 अभियोग दर्ज है। विकास उर्फ नवाब पुत्र धर्मबीर निवासी गारनपुरा खुर्द 2023 में जमानत पर आया था। आरोपी पर हत्या का प्रयास, लूट, डकैती व आबकारी अधिनियम के तहत कुल 11 अभियोग दर्ज है।

### सीजेएम ने किया सेफ हाउस का निरीक्षण

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर. चालिया के मार्गदर्शन में तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) पवन कुमार ने पुलिस लाइन परिसर में स्थित सेफ हाउस का औचक निरीक्षण किया। सेफ हाउस में ठहरे प्रेमी जोड़ों की सुरक्षा, सुविधा और व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीजेएम ने सबसे पहले सेफ हाउस की साफ-सफाई, रहन-सहन का माहौल, कमरों की स्थिति और सेफ हाउस में सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने पीने के पानी की व्यवस्था, बाथरूम की स्थिति, अधिकारियों की ड्यूटी रोस्टर और भोजनालय की स्वच्छता को भी जांचा। उन्होंने सेफ हाउस में बुनियादी सुविधाओं का प्रबंधन के कुछ क्षेत्रों में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि ठंड के मौसम में सेफ हाउस में रह रहे जोड़ों के लिए पर्याप्त गर्म कपड़ों, गद्दों और हीटर जैसी सुविधाओं का प्रबंध सुनिश्चित किया जाए। सीजेएम ने निर्देश देते हुए कहा कि संवेदनशील मामलों में सेफ हाउस में रहने वाले युगल जोड़ों की निजता और सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि ऐसे जोड़े समाजिक और पारिवारिक दबावों के कारण अक्सर तनाव में रहते हैं, इसलिए अधिकारियों को उनके साथ संवेदनशीलता और सहानुभूति के साथ व्यवहार करना चाहिए।

### बारिश में बर्बाद हुए थे खेत और घर

# मुआवजे के लिए जागृति मोर्चा ने छेड़ा अभियान



**भिवानी।** पीड़ितों से बातचीत करते हुए जागृति मोर्चा के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

- फरियादियों से क्षतिग्रस्त आशियाना की शिकायत तो ली, पर सरकार ने राहत का मलहम नहीं लगाया : सिंधू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भारी बारिश से तबाह हुए खेत-खलिहान और घरों के मुआवजे को लेकर हरियाणा जागृति मोर्चा ने अभियान छेड़ा है। मोर्चा के अध्यक्ष राजेश सिंधू ने जारी जनसम्पर्क अभियान के तहत कहा कि जिस वक्त भारी बारिश से जलभराव से रिहायशी कॉलोनी व खेत डूबे, उस वक्त सरकार ने लोगों से जल्द ही उनके खेतों की गिरदावरी करवाने तथा क्षतिग्रस्त मकानों की मरम्मत के लिए सहायता राशि देने का ऐलान किया था। साथ ही यह भी कहा था कि हर पीड़ित को दिवाली से पहले यह सहायता राशि मिल जाएगी। सरकार के भरोसे के बाद लोगों ने सीएससी सेंटर या तहसील कार्यालय में जाकर सहायता राशि पाने के लिए लिखित में गुहार लगाई थी, लेकिन बारिश हुए करीब ढाई माह से ज्यादा का समय बीतने के बावजूद आज तक उनको न तो कोई मदद मिल पाई और न ही उनका कोई सर्वे हो पाया है। फिलहाल लोग भय के साये में जी रहे हैं।

#### सर्वे करेगा मोर्चा

सोमवार को बवानीखेड़ा में अध्यक्ष राजेश सिंधू ने जनसम्पर्क अभियान के तहत लोगों से कहा कि लोगों ने अपने आप ही अपने घरों में जमा पानी की निकासी की है। सरकार का इस समस्या के निदान में कोई रोल नहीं है। उन्होंने बताया कि सरकार ने केवल लोगों से मुआवजा या सहायता राशि पाने के लिए आवेदन मांगे थे। पर उन पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अब हरियाणा जागृति मोर्चा हर गांव में जाकर जलभराव से पीड़ित परिवारों से मिलेगा और उनके घर या खेतों में हुए नुकसान के बारे में जानकारी हासिल की जाएगी। साथ ही उनसे यह भी जानकारी हासिल की जाएगी कि उनके पास सरकार की तरफ से कोई वित्तीय मदद पहुंची है या नहीं। अभियान की समाप्ति पर मांगपत्र राज्यपाल व राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। इस मौके पर अधिवक्ता रामकिशन काजल, बनवारी नायक, पीड़ित गाडिया लोहार बंजारा गब्बर, दारा, मधु, काली, सुनीता व भोला आदि मौजूद थे।

# पूर्व मंत्री वासुदेव आज इनेलो में करेंगे घर वापसी

- आज भिवानी पहुंचेंगे इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला, जनसभा व प्रेसवार्ता को करेंगे संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

इंडियन नेशनल लोकदल ने भिवानी जिले में अपने संगठन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। पूर्व मंत्री वासुदेव शर्मा मंगलवार को पार्टी में घर वापसी करेंगे और इनेलो में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला व प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा की उपस्थिति में होगा।
करीब एक सप्ताह पूर्व वरिष्ठ नेता डॉ. वासुदेव शर्मा ने समर्थकों से विचार-विमर्श के बाद कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। वहीं उनकी पुत्रवधू और आम आदमी पार्टी की प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंदु शर्मा ने भी पार्टी छोड़ने की घोषणा की थी। वह भी इनेलो में शामिल होंगी।

#### 1987 में बने थे मंत्री

वासुदेव शर्मा 1987 में मुंढाल विधानसभा से जीतकर जनता दल की सरकार में मंत्री बने थे। उन्होंने 1993 में कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की थी। इसके बाद 2004 में कांग्रेस को छोड़कर इनेलो में चले गए थे। हालांकि वे 2012-13 में दोबारा कांग्रेस में चले गए थे। इसके बाद अब उनकी इनेलो में फिर घर वापसी हो रही है। उनकी पुत्र वधू इंदु शर्मा ने भी आम आदमी पार्टी को छोड़कर इनेलो ज्वाइन करने का निर्णय लिया है। वे आम आदमी पार्टी की ओर से विधानसभा चुनाव लड़ चुकी हैं।

#### मजबूत होगा संगठन

इनेलो पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष संदीप घणघस ने दावा किया कि पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए भिवानी इकाई लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में शीर्ष नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच गहन मंथन किया जा रहा है। उन्होंने जोर दिया कि इनेलो की नीतियां एवं विचारधारा ही प्रदेश के हर वर्ग के हितों की सच्ची संरक्षक है और यही कारण है कि अन्य दलों के नेता अब इनेलो की ओर रुख कर रहे हैं। घणघस ने कहा कि पूर्व मंत्री वासुदेव शर्मा की इनेलो में वापसी पार्टी के लिए महत्वपूर्ण राजनीतिक लाभ साबित होगी।

### अक्टूबर में 57 हजार ने लिया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ : डीसी

**भिवानी।** उपायुक्त साहिल गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जरूरतमंद लोगों को चौधरी बंसीलाल राजकीय सामान्य अस्पताल में नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। विभाग द्वारा अक्टूबर माह के दौरान 57 हजार 336 नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया गया है। विगत माह में एक लाख 52 हजार 713 मरीजों ने विभिन्न प्रकार की जांच करवाई है।
उपायुक्त गुप्ता ये जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जरूरतमंद लोगों को अक्टूबर माह में 57 हजार 336 नागरिकों को चिकित्सा सेवाएं दी हैं, जिनमें नई व पुरानी ओपीडी 48 हजार 694 तथा 8 हजार 642 नई व पुरानी आईपीडी शामिल हैं। इसी प्रकार से 20 हजार 241 ओपीडी व 2 हजार 861 आईपीडी चिकित्सा सेवाओं में शामिल रहीं। उन्होंने बताया कि सामान्य अस्पताल में 64 चिकित्सकों की टीम कार्यरत है। उन्होंने बताया कि विगत माह के दौरान अस्पताल में 794 मरीजों को आपातकालीन सेवाएं प्रदान की गई हैं। उपचार के दौरान 335 जरूरतमंदों को एनेस्थीसिया दिया गया।

# 26 नवंबर को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे मजदूर, किसान व कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों, संयुक्त किसान मोर्चा व कर्मचारी संगठनों के आह्वान पर 26 नवंबर को जिला मुख्यालयों पर होने वाले संयुक्त विरोध प्रदर्शनों में जिलेभर से हजारों मजदूर, किसान व कर्मचारी शामिल होंगे, ये निर्णय इंटक कार्यालय में सम्पन्न हुई केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों की संयुक्त बैठक में लिया। बैठक की अध्यक्षता कामरेड राजकुमार बसिया ने की। बैठक का संचालन सीटू जिला सचिव कामरेड अनिल कुमार ने किया। बैठक मे सीटू नेता कामरेड अनिल कुमार, कामरेड भीमसिंह, सुखदेव सिंह, इंटक नेता राकेश कुमार, पवन शेखावत, एटक नेता ईश्वर शर्मा व फुलसिंह इंदौरा, एआईयूटीयूसी नेता कामरेड धर्मबीर सिंह व कामरेड राजकुमार बासिया, सर्व कर्मचारी संघ नेता सुरजभान जटासरा आदि शामिल हुए।
बैठक में ट्रेड यूनियन व कर्मचारी नेताओं ने बताया कि भाजपा सरकार एक तरफ एमएसपी लागू करने का राग अलाप रही है, वहीं बाजरा, कपास व धान की सरकारी खरीद भी नहीं कर रही। आज तक बाढ़ प्रभावित किसानों को मुआवजा व पानी की निकासी का प्रबंध नहीं किया। वहीं 350 करोड़ रुपये के बीमा घाटाले को लेकर जिलेभर के किसान आंदोलनरत है। कई सालों से काम कर रही परियोजना कर्मियों, कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जा रहा हैं और न न्यूनतम वेतन 30000 रुपये लागू किया जा रहा है। इसके साथ ही सरकार मजदूर विरोधी लेबर कोड लागू कर रही है।



**भिवानी।** इंटक कार्यालय में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों की संयुक्त बैठक में विचार-विमर्श करते मजदूर नेता।

### 600 रुपये दिहाड़ी लागू करने की मांग

उन्होंने कहा कि कमरतोड़ महगांई व भंयकर बेरोजगारी के बावजूद 200 दिन काम व 600 रुपये दिहाड़ी को लागू नहीं किया जा रहा है, जो मजदूरों के साथ अन्याय हैं। इसके साथ ही भ्रष्टाचार के नाम पर वैरिफिकेशन करने पर पांच माह से बोर्ड की साइट बंद है, जिसके चलते निर्माण मजदूरों को सभी सुविधाओं से वंचित कर दिया गया। सरकार भ्रष्टाचार का बहाना लेकर बोर्ड को खत्म करने पर आमादा है, जिसके खिलाफ जनता में सरकार के खिलाफ रोष पनप रहा है। उन्होने बताया कि हरियाणा सरकार ने पिछले दस साल से राज्य के न्यूनतम वेतन को पुर्ननिर्धारित नहीं किया, जिसके चलते लाखों मजदूरों व कर्मचारियों को पुरानी दिहाड़ी में गुजारा करना पड़ रहा हैं।

### पीएम स्वनिधि योजना से 6271 लोगों को मिला रोजगार

**भिवानी।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना जरूरतमंद लोगों के लिए जीने का सहारा बन रही है। जिला के 6271 लोगों ने इस योजना के तहत ऋण सहायता प्राप्त कर अपना रोजगार शुरू किया है। जिला में विभिन्न बैंकों में लंबित रहे 1639 आवेदकों को भी शीघ्र ही ऋण सहायता राशि जारी की जाएगी, जिसके लिए सरकार द्वारा बैंकों को आदेश दिए गए हैं। इन सभी को फोन करके सूचित किया जा रहा है और उनसे जरूरी दस्तावेज मंगवाए जा रहे हैं।
उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्वरोजगार के लिए 15 से 50 हजार रूपए तक ऋण सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें जरूरतमंद लोग ऋण सहायता लेकर अपना रोजगार शुरू करते हैं। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए बहुत ही सहायक साबित हो रही है। डीएमसी गुलजार मलिक ने ये जानकारी देते हुए बताया कि जून 2020 से अब तक 6271 लाभार्थियों को 10 हजार रूपए प्रथम श्रृंखला, 1675 को 20 हजार द्वितीय श्रृंखला व 427 लाभ पात्रों को 50 हजार रूपए तृतीय श्रृंखला की ऋण सहायता राशि दी जा चुकी है।

### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक आयोजित होगा

# गीता महोत्सव में दिखेगी अध्यात्म व मनोरंजन की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक आयोजित होगा। सरदार झाड़ू सिंह चौक समीप शहीद दलबीर सिंह राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय परिसर में होने वाले गीता महोत्सव में एक ही स्थान पर अध्यात्म व मनोरंजन का अनोखा समावेश देखने को मिलेगा। शिक्षण संस्थाओं की टीमें और कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मनोरंजन होगा और प्रदर्शनी, शोभायात्रा व श्लोकोच्चारण से अध्यात्म से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। सोमवार को उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने अधिकारियों सहित धार्मिक व सामाजिक संगठनों की बैठक लेकर महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता का संदेश सदियों के बाद आज भी व्यवहारिक है। श्रीमद्भागवत गीता जीवन जीने की पद्धति है, एक विचारधारा है, जिस किसी ने भी गीता संदेश को अपने जीवन में अनपाया, उसे हर स्तर पर हमेशा सफलता मिली है। श्रीमद्भागवत गीता के संदेश को भारत ही नहीं विश्व के बड़े बड़े विद्वानों ने साबित किया है और अपने विचार रखें हैं कि किस प्रकार श्रीमद्भागवत गीता ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव किए हैं। हरियाणा सरकार की ओर से प्रदेश के सभी जिला में जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक किया जा रहा है और कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन गत 15 नवंबर से 5 दिसंबर तक हो रहा है। इसी कड़ी में जिला स्तरीय गीता महोत्सव शहीद दलबीर सिंह राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में होगा, जिसके लिए तैयारियां की जा रही हैं। पहले दिन हवन यज्ञ के साथ महोत्सव का आगाज होगा और आयोजन के दौरान तीनों दिन प्रदर्शनी लगाई जाएगी।



**चरखी दादरी।** अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त डॉ. नागपाल।

### आयोजन में मिलेगा संस्कृति का संगम

तीनों दिन लोगों को एक ही स्थान पर अध्यात्म और मनोरंजन का अनोखा समावेश देखने को मिलेगा। श्रीमद्भागवत गीता का जीवन में महत्व को लेकर महोत्सव के दौरान सेमीनार, श्लोकोच्चारण, नगर शोभायात्रा के माध्यम से जानकारी मिलेगी। विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाएं भी इस आयोजन में बढ़ चढ़कर भाग ले रही हैं। यहीं नहीं महोत्सव में प्रख्यात लोक कलाकारों एवं समूहों और शिक्षण संस्थाओं की टीमों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में गीता सार, श्रीकृष्ण लीला, हरियाणा लोक नृत्य, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सहित विभिन्न विषयों पर आधारित प्रस्तुतियां शामिल रहेंगी।

### भाग लेने के लिए देनी होगी पूर्व सूचना

गीता महोत्सव में भाग लेने के लिए कोई भी संस्था एवं नागरिक अपनी जानकारी 25 नवंबर तक जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी के पुरान लघु सचिवालय भवन की पहली मंजिल पर कमरा नंबर 101 में स्थित कार्यालय में दे सकता है। जानकारी 25 नवंबर को दोपहर 3 बजे तक पॉर्टल पर भी भेजी जा सकती है। महोत्सव के दौरान कोई भी नागरिक एवं संस्था प्रदर्शनी, शोभा यात्रा, सेमीनार में और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शिक्षण संस्था भाग ले सकती है। बैठक में एसडीएम योगेश सैनी व आशीष सांगवान, सीटीएम प्रीति रावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



**भिवानी।** मास्टर राकेश रोहिल्ला के साथ स्काउट्स।

### चार स्काउट्स का राष्ट्रीय जंबूरी में चयन

**भिवानी।** सेठ किरोड़ीमल राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 25 स्काउट ने विद्यालय प्राचार्य सविता घणघस के मार्गदर्शन में महम रोड स्थित महाविद्यालय में चार दिवसीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण कैंप में भाग लिया। स्काउट मास्टर एवं जिला संयुक्त संगठन आयुक्त राकेश कुमार रोहिल्ला ने बताया कि हमारे विद्यालय के स्काउट्स ने न केवल तृतीय सोपान उत्तीर्ण किया, बल्कि कैंप के दौरान सभी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूल के स्काउट्स ने टेंट पीचिंग तथा गैजेट्स मेकिंग प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के स्काउट्स में से चार स्काऊट्स का चयन 23 नवंबर से होने वाली 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी लखनऊ के लिए हुआ है। इस अवसर पर विद्यालय पूरे स्टाफ ने सभी स्काऊट्स का स्वागत किया तथा बधाई दी। भविष्य में भी ऐसे ही स्कूल का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर कार्यकारी प्राचार्य राकेश कुमार, स्काउट मास्टर जितेंद्र शास्त्री, अजेंद्र शर्मा, आशुतोष शर्मा, मनोज शर्मा, राकेश वधवा, सुधीर मलिक व हेमंत आदि सभी स्काऊट्स मास्टर्स ने विद्यालय के स्काउट्स का जंबूरी में चयन होने पर बधाई दी।

हरिभूमि सहेली



एआई इमेज

# सोशल बनिए-हैप्पी रहिए लंबी उम्र भी पाइए

आज जिसको देखो वही एक अकेलापन महसूस करता है। इसके पीछे आधुनिक जीवनशैली के साथ व्यक्ति का अपना स्वभाव बहुत मायने रखता है। हम अपनों से दूर होते जा रहे हैं, जबकि शोध बताते हैं, व्यक्ति को सोशल जरूर होना चाहिए, फैमिली मेंबर्स ही नहीं, फ्रेंड्स, रिलेटिव्स से हमेशा जुड़े रहना चाहिए, यह तन-मन के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। इस बात पर दुनिया भर के मनोवैज्ञानिक बहुत बल देते हैं।

कवर स्टोरी

**शिखर चंद जैन**

आज के समय में अकेलापन एक बढ़ती हुई चिंता का विषय बन गया है। कहने को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भले ही आपके हजारों फॉलोअर्स और फ्रेंड्स हों, लेकिन रियल लाइफ के सोशल सर्किल और फ्रेंड्स के बिना किसी भी व्यक्ति की जिंदगी अधूरी है। क्योंकि वर्चुअल फ्रेंड कभी काम नहीं आते, हर अच्छे-बुरे समय में हमेशा नजदीकी स्नेही स्वजन ही काम आते हैं। मनोवैज्ञानिक भी मान चुके हैं, जीवन में जिंदादिल लोगों और दोस्तों का होना बेहद जरूरी है। लंबी आयु और शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक अच्छा सामाजिक दायरा और दोस्त बेहद जरूरी हैं। कई अध्ययन हो चुके हैं, जिनमें बताया गया है कि सामाजिक रूप से सक्रिय रहने वाले और मेल-जोल रखने वाले लोग हमेशा प्रसन्न, सफल और स्वस्थ रहते हैं, साथ ही ऐसे लोगों की उम्र भी लंबी होती है।

**थोड़ा-सा मेल-जोल भी लाभकारी:** सवाल यह है कि लंबे समय तक जीने के लिए कितना सामाजिक होना चाहिए। इसके लिए आपको यह समझना होगा, अपने जरूरी काम-काज छोड़कर आपको दोस्तों या समाज के बीच नहीं घूमना है। बहुत ज्यादा नहीं, बस थोड़ा-सा सोशल होना फायदेमंद है। जर्नल ऑफ एपिडेमियोलॉजी एंड कम्युनिटी हेल्थ द्वारा ऑनलाइन प्रकाशित एक बड़े चीनी अध्ययन ने इस तथ्य की पुष्टि होती है। वैज्ञानिकों ने 28,000 से अधिक लोगों (औसत आयु 89) के स्वास्थ्य, जीवनशैली की आदतों और सामाजिक गतिविधि का मूल्यांकन किया, जिनके जीवित रहने पर औसतन पांच साल या मृत्यु तक नजर रखी गई थी। पहले पांच वर्षों के भीतर, जितना अधिक लोग सामाजिक थे, वे उतने ही लंबे समय तक जीवित रहे। उक्त समूहों में से प्रत्येक, अपने से पहले वाले से अधिक समय तक जीवित रहा, जो कभी-कभार मासिक, साप्ताहिक या हर दिन सामाजिक होते थे। इनमें से किसी भी समूह के लोग उन लोगों की तुलना में अधिक समय तक जीवित रहे, जो बिल्कुल भी सामाजिक नहीं थे। लेकिन हम जानते हैं कि सामाजिकता के कई महत्वपूर्ण लाभ हैं, जिनमें अकेलापन, अलगाव, डिमेंशिया और दीर्घकालिक बीमारियों के जोखिम का कम होना भी शामिल है। इसलिए अपनी सामाजिक गतिविधियों को बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित करें, जैसे किसी दोस्त को नियमित फोन करना या उसके साथ मिलना-जुलना।



**बहुत खतरनाक है सामाजिक अलगाव:** वैज्ञानिकों का कहना है कि आप चाहे जितना पौष्टिक भोजन लें, लेकिन अकेले और उदास रहते हैं तो आपको सिर्फ अच्छे खान-पान का ज्यादा फायदा नहीं होने वाला। शोध में पाया गया है कि सामाजिक अलगाव के प्रभाव स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए विनाशकारी हो सकते हैं। अकेलेपन के नकारात्मक प्रभाव, प्रतिदिन 15 सिगरेट पीने जितना हानिकारक हो सकते हैं। इससे हृदय रोग, स्ट्रोक और मधुमेह जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। अकेलेपन के लक्षण हमें कोशिकीय स्तर तक भी प्रभावित कर सकते हैं। अकेलापन भावनात्मक तनाव को बढ़ा सकता है, जो हमारी कोशिकाओं में ऑक्सीडेटिव तनाव के रूप में प्रकट होता है। यह ऑक्सीडेटिव तनाव, हमारे माइटोकॉन्ड्रिया को नुकसान पहुंचा सकता है, जिससे माइटोकॉन्ड्रियल डिसफंक्शन हो सकता है। इससे उम्र बढ़ने की प्रक्रिया तेज हो जाती है और उम्र से संबंधित बीमारियां हो सकती हैं। अच्छी बात यह है कि केवल सामाजिक संपर्कों को बढ़ावा देने और बनाए रखने से स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हो सकता है, इससे जीवनकाल बढ़ सकता है। इसके लिए ग्रुप एक्टिविटीज में भाग लेना, ऑनलाइन सोशल सर्किल की खोज करना, आजीवन सीखना और वॉलंटियरिंग करना सक्रिय सामाजिक जीवन को बनाए रखने में मदद कर सकता है। सामाजिक संबंध और मानसिक स्वास्थ्य भी आपस में जुड़े हुए हैं। अकेलापन मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सबब बन जाता है, जिनमें अवसाद, चिंता और संज्ञानात्मक गिरावट शामिल है।

**जीवन भर खुश रखते हैं करीबी रिश्ते:** हार्वर्ड स्टडी ऑफ एडल्ट डेवलपमेंट द्वारा किए गए एक अध्ययन में पता चला है कि हमारे रिश्ते और हम उनमें कितने खुश हैं, इसका हमारे स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। पैसे या शोहरत से ज्यादा करीबी रिश्ते ही जीवनभर खुश रखते हैं। ये रिश्ते लोगों को जीवन में असंतोष से बचाते हैं, मानसिक और शारीरिक गिरावट को टालने में मदद करते हैं। लोगों से रिश्ते, सामाजिक वर्ग और जीन (वंशानुगत गुणों) की तुलना में भी लंबे और खुशहाल जीवन के बेहतर संकेतक हैं। शोधकर्ताओं ने पाया है कि सुखी और समृद्ध जीवन का, परिवार, दोस्तों और सामाजिक संबंधों के साथ एक मजबूत नाता है। यह भी पाया गया कि लोगों के अपने रिश्तों से संतुष्टि का स्तर उनके कोलेस्ट्रॉल के स्तर की तुलना में शारीरिक स्वास्थ्य का एक बेहतर पैमाना होता है।



### फ्रेंड्स साथ होने के फायदे

**टेंशन से बचाएं:** दोस्तों के साथ वक्त बिताने और हंसी-मजाक करने से स्ट्रेस कम होता है और मूड अच्छा रहता है, यह कई शोध के नतीजों में सामने आ चुका है।

**सफलता दिलाएं:** अपने प्रोफेशनल फील्ड में मित्रों का होना सफलता को आसान और जल्दी संभव कर सकता है। जब आप कुछ करती हैं और आपके मित्रों द्वारा प्रशंसा, मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन मिलता है तो आपकी राह आसान हो जाती है।

**बैड हैबिट्स छुड़ाएं:** मित्र अच्छे हों तो आपको कई बुरी आदतों से बचा सकते हैं। मित्र ही बिंदास होकर पूरे हक से आपको बुरी आदतों के बारे में बता सकते हैं।

**अकेलेपन से बचाएं:** अकेलेपन से मित्र ही मुक्ति दिला सकते हैं। उनसे बातचीत करके न सिर्फ क्वालिटी टाइम बिताया जा सकता है बल्कि मूड भी सही रखा जा सकता है।

**इम्यून सिस्टम अधिक मजबूत रहता है:** स्वस्थ, दीर्घायु और खुश रहने के लिए अच्छी नींद, व्यायाम, सही भोजन तो जरूरी है ही, साथ ही समग्र स्वास्थ्य यानी हमारी वेल बीइंग के लिए मानव संपर्क बहुत जरूरी हैं। शोध बताते हैं, दूसरों से जुड़ा हुआ महसूस करने वालों का इम्यून सिस्टम बाकी लोगों की तुलना में अधिक मजबूत रहता है। लेकिन यह जुड़ाव वर्चुअल नहीं रियल होना चाहिऐ। वैज्ञानिक कहते हैं, चाहे हम खेल रहे हों, खा-पी रहे हों, बात कर रहे हों या प्रियजनों के साथ हंस रहे हों, हम जो संपर्क महसूस करते हैं, वो हमारी जागरूकता को मजबूती से वर्तमान में स्थापित करता है, जबकि अकेले होने पर हम चिंता करते रहते हैं। इसलिए अधिक अकेले समय बिताने से स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जबकि मिलते-जुलते रहने से खुशी का स्तर बढ़ता है।


**सामाजिक फिटनेस मूड बूस्टर:** हार्वर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा 85 वर्ष तक एक शोध किया गया। इसमें किशोरावस्था से बुढ़ापे तक के लोग शामिल किए गए। देखा गया कि मजबूत और अच्छे संबंधों वाले लोग, उनके मुकाबले ज्यादा खुश, स्वस्थ और लंबे समय तक जिए, जिनके पास ऐसे संबंध नहीं थे।

# मजबूत रिलेशन-बॉन्डिंग के लिए समझें पुरुषों की भावनात्मक जरूरतें

आम धारणा यही है कि महिलाएं, पुरुषों से अधिक इमोशनल होती हैं। इसका यह मतलब नहीं, पुरुषों की कोई भावनात्मक जरूरत नहीं होती। सच तो यह है, रिश्ता कोई भी हो पुरुषों से मजबूत बॉन्डिंग के लिए आपको उनकी इमोशनल जरूरतों को समझना चाहिए।

रिलेशनशिप

**अंजू जैन**



अकसर पुरुषों के मन में ये सवाल उठते रहते हैं कि कोई हमारे मन की थाह क्यों नहीं लेता? हमारे शरीर में कोई दिल नहीं धड़कता क्या? क्या हमारी कोई भावनाएं नहीं हैं? कोई क्यों नहीं समझता कि हमें भी एक इमोशनल सपोर्ट चाहिए होता है? असल में पुरुषों की भी कुछ भावनात्मक जरूरतें होती हैं, जिन पर कोई बात ही नहीं करना चाहता। विश्व पुरुष दिवस (19 नवंबर) के अवसर पर आपको बता रहे हैं बेहतर रिलेशन के लिए पुरुषों को इमोशनल सपोर्ट देना कितना इंपॉर्टेंट होता है?

**पुरुषों को भी तारीफ चाहिए:** पुरुषों को अकसर टेकेन फॉर ग्रांटेड लिया जाता है। कई महिलाएं मानती हैं कि घर का सामान लाना, कोई भी झंझट, विवाद हो उससे निपटना, जॉब कर घर खर्च चलाना तो उनका कर्तव्य है, इसके लिए उनकी क्या प्रशंसा की जाए? वे एक्सट्रा वर्क करके, अपनी जरूरतों को कम करके, त्याग करके भी कुछ करते हैं तो कई मामलों में पत्नी या बच्चे उनको थैंक यू तक बोलना जरूरी नहीं समझते, क्योंकि यह मान लिया गया है कि ये तो उनका फर्ज है। यह कभी न भूलें कि भले ही पुरुष इन्हें अपनी जिम्मेदारी और फर्ज समझकर पूरा करते हैं, फिर भी उनके दिल में चाह रहती है कि कोई उनके लिए तारीफ के दो शब्द अवश्य कहे। जब आप समय-समय पर अपने पुरुष साथी की तारीफ करती हैं, तो इससे उन्हें बहुत दिली सुकून मिलता है।

**पुरुषों के शौक में रुचि दिखाएं:** महिलाओं को सजने-संवरने का, मूवी देखने या घूमने फिरने का शौक होता है, यह सब मान लेते हैं। लेकिन पुरुषों के ऐसे किसी शौक में दिलचस्पी लेने को सहज नहीं माना जाता है। उन्हें अकसर परिवार में टोक दिया जाता है कि अरे ये सब छोड़ो परिवार संभालो या ज्यादा इनकम पर ध्यान दो। अच्छी लाइफ के लिए पुरुषों को भी अपने परिवार और जीवनसाथी से शौक पूरे करने का समर्थन मिलना चाहिए।

**उनकी बातें ध्यान से सुनें:** बाहर से भले ही पुरुष खुद को मजबूत दिखाएं लेकिन वे भी चाहते हैं कि कोई उनके मन की थाह ले। वे अपनी भावनाएं, तकलीफ, समस्याएं किसी के साथ साझा करना चाहते हैं। उनको भी सहानुभूति के बोल चाहिए होते हैं और किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत होती है, जो कह सके कि 'डोंट वरी बी हैप्पी, मैं हूं न।' सुनने का प्रभावी तरीका यह है कि जब वह बोल रहे हों तो आप तब तक खुद को टिप्पणी करने या बोलने से रोक सकती हैं, जब तक वह पूरी बात बोल न लें। बीच में उन्हें न टोकें। इससे उन्हें लगेगा कि आप उनकी बातों को महत्व देती हैं।

**आत्मीय स्पर्श भी है कारगर:** मैथ्यू हसी की पुस्तक 'गेट द गाइ' में वास्तविक और अच्छे पुरुष को खोजने और उसे खुशहाल बनाए रखने के लिए कुछ आवश्यक सुझाव दिए गए हैं। पुस्तक में कहा गया है कि अधिकांश स्त्रियां हमेशा यही सोचती हैं कि प्यार और स्नेह पर उनका ही हक है। जबकि शारीरिक स्पर्श जैसे गले लगाना, हाथ पकड़ना आदि पुरुषों के लिए भी भावनात्मक जुड़ाव का एक महत्वपूर्ण तरीका हो सकता है। इस तरह का प्यार भरा स्पर्श ऑक्सीटोसिन नामक हार्मोन को स्रावित करता है, जो जुड़ाव की भावना पैदा करता है।

### उन्हें भी समर्पण चाहिए

**अकसर महिलाएं,** पुरुषों पर बेवफा होने के आरोप लगाती हैं, लेकिन सभी पुरुष या स्त्री एक जैसे नहीं होते। अपने परिवार और रिश्तों से जुड़ा हुआ पुरुष सदैव अपने परिवार और साथी के प्रति विश्वसनीय और प्रतिबद्ध होता है। ऐसे में वह भी अपने नजदीकी लोगों से समर्पण और प्रतिबद्धता चाहता है। किसी पुरुष की भावनात्मक जरूरतों से जुड़ने का एक तरीका है यह भी है कि आपको पुरुष को यह दिखाना होगा कि उसके प्रति आप भी विश्वसनीय हैं। वाई जोएल वोंग और आरोन बी. रोचलेन ने एक शोध अध्ययन के आधार पर 'डेमिस्टिफाइंग मेंस इमोशनल बिहेवियर' नामक पुस्तक में लिखा है कि अच्छी बॉन्डिंग के लिए महिलाओं को अपने पुरुष साथी की भावनात्मक जरूरतों के बारे में अवश्य जानना चाहिए। यह किताब पुरुषों के भावनात्मक व्यवहार पर प्रकाश डालती है।

आमतौर पर पैरेंट्स यही सोचते हैं कि बच्चों को अनुशासन में रखने के लिए डांटना और मारना जरूरी है, जबकि बच्चे उनके प्यार से समझाने पर आसानी से उनकी बातें मान सकते हैं।

# बच्चे डांटने-मारने से नहीं प्यार से समझाने पर सीखते हैं सब कुछ

बच्चे और आप

**नीलम अरोड़ा**



बच्चों को कुछ सिखाने के लिए उन्हें डांटने, मारने का तरीका अब पुराना हो चुका है। पुरानी पीढ़ी के पैरेंट्स की यही सोच थी कि बच्चों को सिखाने के लिए उन्हें डांटना, मारना जरूरी है। उस दौर के पिताओं का तो मानना ही था कि बच्चे में माता- पिता का डर होना चाहिए। उनके इस डर के चलते ही वो कोई भी गलत काम करने से पहले एक-दो बार नहीं, बार-बार सोचेंगे। बच्चों को अनुशासन सिखाना हर पैरेंट्स की जिम्मेदारी है। उनको अनुशासन सिखाने के लिए प्यार और पॉजिटिव तरीके से भी अच्छी आदतें डाली जा सकती हैं, क्योंकि जब उन्हें चीजों को प्यार से समझाया जाता है, बिना जबर्दस्ती के तो बच्चों को सही और गलत का अंतर पता चलने लगता है। इससे वे अपने लिए सही रास्ता चुनने की क्षमता अपने भीतर विकसित कर लेते हैं। बच्चों को बिना डांट-फटकार के कैसे अनुशासित बनाएं, जानिए-



**तारीफ करें:** बच्चे को बहुत प्यार से अपने काम करने के लिए आसानी से प्रेरित किया जा सकता है। यदि वह कोई अच्छा काम करता है, समय से अपना होमवर्क करता है, स्कूल से आने के बाद अपना बैग, अपने जूते सही जगह पर रखता है, अपनी यूनिफॉर्म उतारकर हाथ-मुंह धोकर खाना-खाना जैसे दैनिक जीवन के काम अगर वह अपने आप अच्छी तरह करता है तो उसके लिए उसकी पीठ थपथपाएं और उसकी तारीफ करें। क्योंकि तारीफ के छोटे-छोटे शब्द भी बच्चों को अनुशासन सिखाने के लिए मोटिवेट करते हैं। उन्हें जब मां से प्यार और सराहना मिलती है, तो वे बार-बार उसी व्यवहार को दोहराते हैं।

**निर्णय लेने की क्षमता विकसित करें:** अकसर बच्चे अपने पैरेंट्स की कही बात को नहीं मानते। यदि आप उसे किसी बात को करने के लिए कहती हैं तो वह इस ओर ध्यान नहीं देता है। बच्चों के साथ जबर्दस्ती करने के बजाय, उसे उसका निर्णय खुद लेने की छूट दें, जिससे वह एक बार वैसा नहीं करता, जैसा आप कहते हैं, तो जब उसको इसके उल्टे नतीजे मिलते हैं, तो उसमें उस चीज को समझने की अपने विवेक से जो क्षमता आती है, वह उसके लिए बेहद जरूरी है। यानी बच्चे जब अपने फैसलों से कुछ सीखते हैं तो वह सीख उन्हें ताउम्र काम आती है।

**बच्चे की भावनाओं को समझें:** अगर बच्चा बार-बार कोई गलती करता है तो उसे उसके हाल पर छोड़ने के बजाय वह ऐसा क्यों कर रहा है, इस बात की तह तक जाना जरूरी है। अगर आपका बच्चा बार-बार ऐसा करता है तो उसे डांटने की बजाय उस सिचुएशन को समझदारी से हैंडल करें। उसे प्यार से अपने पास बिठाएं, उससे बात करें, इससे वह इमोशंस को समझता है और साथ में जब उसे आपमें भी पॉजिटिव सपोर्ट करने की बात दिखाई देती है, तो उसे खुद ब खुद सही और गलत में अंतर समझ में आ जाता है।

**बच्चे का ध्यान बटाएं:** अगर बच्चा लगातार शरारतें करता है, तो उसका ध्यान उन शरारतों से हटाकर उसकी क्रिएटिविटी को डेवलप करने में लगाएं। आप उसे डायवर्ट करके क्रिएटिविटी का ऑप्शन दे सकती हैं, इस तरह आपके बच्चे को नेगेटिव बिहेवियर से हटाकर पॉजिटिव एक्टिविटी की तरफ ले जाया जा सकता है।

हेयर केयर

**ललिता गोयल**

# बदलते मौसम में जरूरी बालों की पूरी देखभाल

बदलते मौसम का असर शरीर के साथ-साथ हमारे बालों की सेहत पर भी दिखाई देता है। हवा में नमी के उतार-चढ़ाव और तापमान में बदलाव के कारण बाल कमजोर, रूखे और बेजान हो जाते हैं। ऐसे में बाल झड़ने और टूटने जैसी समस्याएं बढ़ने लगती हैं। ऐसे मे कुछ आसान घरेलू उपाय अपनाकर आप अपने बालों को मजबूत, शाइनी और हेल्दी बना सकती हैं।

**नियमित करें ऑयल मसाज:** बदलते मौसम में बालों में पोषक तत्व कम होने लगते हैं। इससे बाल ड्राई और वीक होने लगते हैं। ऐसे में हफ्ते में एक या दो बार नारियल, बादाम या आंवला के तेल को हल्का गर्म करके उससे सिर की मालिश करें। इससे स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और बालों को गहराई से पोषण मिलता है।

**कंडीशनर का यूज करें:** हफ्ते में 2-3 बार ही बाल धोएं। हर बार शैंपू के बाद कंडीशनर जरूर लगाएं। कंडीशनर बालों में नमी बनाए रखता है, उन्हें मुलायम करता है और उलझने से रोकता है।



**डाइट का ध्यान रखें:** बालों को मजबूत बनाने के लिए डाइट में प्रोटीन, विटामिन-ई, आयरन और ओमेगा-3 युक्त चीजें शामिल करें। जैसे- अंडे, दालें, नट्स, हरी सब्जियां। जंक फूड और बहुत अधिक तली-भुनी चीजों से दूरी रखें।

**गुनगुने पानी से ही बाल धोएं:** ज्यादा गरम पानी बालों की प्राकृतिक नमी को कम कर देता है। इसलिए बाल धोते समय हमेशा गुनगुने पानी का ही इस्तेमाल करें। साथ ही शैंपू के बाद कंडीशनर लगाना न भूलें।

**गीले बालों में कंघी न करें:** गीले बाल बहुत नाजुक हो जाते हैं, इसलिए गीले बालों में कंघी करने से वे ज्यादा टूटने लगते हैं। बालों को थोड़ा सूखने के बाद ही उन पर कंघी का इस्तेमाल करें।

**हीटिंग टूल्स का कम इस्तेमाल करें:** हेयर ड्रायर, स्ट्रेटनर और कर्लर जैसे हीटिंग टूल्स बालों को नुकसान पहुंचाते हैं। बदलते मौसम में जब बाल पहले से ही कमजोर होते हैं, ऐसे में हीटिंग टूल्स का उपयोग करने से बचना चाहिए। ये बालों को और भी ज्यादा ड्राय कर देते हैं।

**हेयर मास्क जरूर लगाएं:** हेयर मास्क बालों को मजबूत और शाइनी बनाते हैं। इसलिए इस मौसम में कुछ अंतराल पर हेयर मास्क जरूर लगाएं। हेयर मास्क बनाने के लिए मेथी के दानों को रात भर पानी में भिगो दें। सुबह इन्हें पीसकर पेस्ट तैयार करें। इसे स्कैल्प और बालों की जड़ों में लगाएं, 30-40 मिनट बाद बालों को धो लें। यह हेयरफाल को कम करने और बालों को मजबूत बनाने में लाभदायक साबित होता है।

**(हेयर एक्सपर्ट डॉ. महिमा से बातचीत पर आधारित)**

डाइट सजेशन

**डॉ. निधि सहाई**
**हेड-डायटेटिक्स एंड न्यूट्रिशन**
**मैक्स सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल एनसीआर**

बदलते मौसम में सर्दी-जुकाम और इंफेक्शंस से बचाव के लिए, हमारी इम्यूनिटी का मजबूत होना बेहद जरूरी है। इसके लिए क्या खाएं, कब और कैसे खाएं, यह जानना आवश्यक है। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

# इंफेक्शन से होगा बचाव ऐसे करें इम्यूनिटी बूस्ट

मौसम बदलते ही सर्दी, जुकाम, खांसी, वायरल बुखार और फ्लू जैसी मौसमी बीमारियां बढ़ने लगती हैं। इसका मुख्य कारण है कमजोर इम्यूनिटी यानी शरीर की कमजोर प्रतिरोधक क्षमता होता है। अगर हमारी इम्यूनिटी मजबूत हो तो ये बीमारियां आसानी से शरीर को प्रभावित नहीं कर पाती हैं। ऐसे में अपनी डाइट और लाइफस्टाइल का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। डाइट में कुछ बदलाव कर बॉडी इम्यूनिटी बूस्ट कर सकते हैं।

**विटामिन-सी युक्त फल:** विटामिन-सी, इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण तत्व होता है। यह शरीर में एंटीऑक्सीडेंट्स को बढ़ाता है और विभिन्न तरह के संक्रमणों से बचाव करता है। विटामिन-सी की जरूरत को पूरा करने के लिए आंवला, संतरा, मौसंबी, नीबू, अमरूद, स्ट्रॉबेरी, पपीता खाना चाहिए।

**सजेशन:** रोज सुबह खाली पेट एक आंवला खाना इम्यूनिटी बढ़ाने का आसान और असरदार तरीका है।



**हरी पत्तेदार सब्जियां:** पालक, मेथी, सरसों का साग, ब्रोकली और चौलाई जैसी हरी सब्जियों में विटामिन-ए, बी, आयरन और फोलेट भरपूर मात्रा में होते हैं। ये शरीर को डिटॉक्स करने के साथ संक्रमण से लड़ने में मदद करती हैं।

**सजेशन:** इन सब्जियों को सूप या स्टर-फ्राई के रूप में शामिल करें, ताकि पोषक तत्व अधिक समय तक सुरक्षित रहें।

**लहसुन-अदरक:** लहसुन और अदरक में एंटी-वायरल, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो सर्दी-जुकाम और गले के संक्रमण से बचाते हैं।

**सजेशन:** सुबह गुनगुने पानी में थोड़ा अदरक उबालकर पिएं और भोजन में लहसुन का प्रयोग बढ़ाएं।



**प्रोटीन रिच प्रोडक्ट्स:** प्रोटीन शरीर की कोशिकाओं की मरम्मत करता है और एंटीबॉडीज बनाने में मदद करता है। ये रोगों से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**सजेशन:** अंडा, दालें, चना, राजमा, सोया, पनीर और दही का सेवन करें। हर मील में प्रोटीन का एक स्रोत जरूर शामिल करें।

**दही और छाछ:** दही और छाछ में पाए जाने वाले प्रोबायोटिक्स आंतों को स्वस्थ रखते हैं। स्वस्थ आंतें, मजबूत इम्यून सिस्टम की पहचान हैं।

**सजेशन:** लंच में एक कटोरी दही या एक गिलास छाछ शामिल करें।

**मिलेट्स और साबुत अनाज:** बाजरा, ज्वार, रागी और जौ जैसे अनाज फाइबर, आयरन और जिंक से भरपूर होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत रखते हैं और शरीर में ऊर्जा का स्तर बनाए रखते हैं।

**हर्बल चाय या काढ़ा:** तुलसी, दालचीनी, अदरक, काली मिर्च और शहद से बनी हर्बल चाय शरीर को अंदर से गर्म रखती है और संक्रमण से बचाव करती है।

**सजेशन:** बदलते मौसम में दिन में कम से कम एक बार हर्बल टी या काढ़ा अवश्य पिएं।

**पानी पर्याप्त मात्रा में:** पानी की कमी से शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो सकती है। गुनगुना पानी पीने से शरीर हाइड्रेट रहता है और टॉक्सिंस बाहर निकलते हैं।

**ध्यान रखें:** संतुलित आहार, पर्याप्त नींद, नियमित व्यायाम और तनाव को नियंत्रित रखकर आप खुद को फिट रख सकती हैं।

**प्रस्तुति: निकिता चौहान**

## पूर्व मंत्री ने बहल के नागरिकों व अधिकारियों के साथ बैठक की

# बहल में 87 करोड़ से सुधरेगी पेयजल व सीवरेज व्यवस्था

बहल कस्बे की पेयजल आपूर्ति की पुरानी मांग पूरी होगी, सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहल



एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री जेपी दलाल। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि बहल कस्बे के लिए सीवरेज व पेयजल परियोजनाओं के लिए करीब 87 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी। इस योजना के पूरी होने से बहल कस्बे की जहां पेयजल आपूर्ति की पुरानी मांग पूरी होगी वहीं सीवरेज व्यवस्था होने से बहल के लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि बहल को शिक्षा, चिकित्सा सहित अन्य क्षेत्रों में विकास योजनाएं लागू कर बहल को आधुनिक शहर के रूप में विकसित किया जाए।

वे सोमवार को कस्बे के ब्रह्मदत्त मेमोरियल हॉल में बहल के नागरिकों व अधिकारियों के साथ बैठक कर कस्बे में सीवरेज, पेयजल परियोजनाओं के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रदेश सरकार ने बहल के विकास के लिए सीवरेज व पेयजल परियोजनओं के लिए 87 करोड़ रुपये मंजूर करवाए थे। अब उनका प्रयास है कि इन परियोजनओं के कामों के दौरान किसी भी नागरिक को समस्या न आए।

उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन कपिल देव व अन्य अधिकारियों से कहा कि वे बहल के नागरिकों की एक निगरानी कमेटी बनाए व लोगों से तालमेल कर इस काम को पूरा करें।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे इस बात को सुनिश्चित करें कि हर क्षेत्र का सही लेवल लिया जाए। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता व योजना में प्रयोग होने वाले सामान योजना के लिए बने प्रारूप (ड्राइंग) के अनुरूप हो। उन्होंने ग्रामीणों से भी सीवरेज काम के लिए सुझाव मांगे व अधिकारियों से उन पर गौर करने को कहा। जेपी दलाल ने कहा कि लोहारू विधानसभा की सीएम की रैली प्रस्तावित है जिसमें इन मांगों को रखकर पूरा करवाने का प्रयास करेंगे ताकि बहल कस्बे से शहर बनें।

लोगों ने कहा कि वे सीएम के समक्ष बहल को उपमंडल बनाने, सीएचसी बनाने, तहसील की नया भवन बनवाने, बस स्टैंड का काम शुरू करवाने की मांग शामिल करें। इस अवसर पर एसडीएम मनोज दलाल, चेयरमैन रवि महमिया, सरपंच साधूराम पनिहार, पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, जिला पार्षद रविन्द्र मंढोली, भाजपा नेता हनुमान शर्मा पाजू, अजय बिधनोई, विरेन्द्र लांबा, पवन शर्मा सुरपुरा, नरेश सोनी, डॉ. दयानंद जावला मौजूद रहे।

### मृतक किसान के परिजनों से मिले

पूर्व मंत्री जेपी दलाल सोमवार को किसान दलीप के परिजनों से मिलकर उनको सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि उनकी पुलिस अधिकारियों से लगातार बात हो रही है और वे हर दिन की अपडेट ले रहे हैं। उन्होंने किसान की पत्नी व पुत्र को विश्वास दिलाया कि वे कानून पर विश्वास रखें। हत्यारा किसी सूरत में बच नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि किसान दलीप की हत्या से उनको गहरा दुख हुआ है।

## जल बिन तरसे प्राणी, व्यर्थ बह गया सड़कों पर पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोशाम



सड़कों पर बिखरा पानी का दृश्य।

तोशाम में जहां एक तरफ पीने के पानी की सप्लाई करीबन 10 दिनों में एक बार हो रही है वहीं पर स्थानीय सुरेंद्र सिंह चौक के नजदीक पानी सप्लाई की पाइपलाइन करीबन 1 महीने से अधिक समय से लीक है, जिससे हजारों लीटर पानी व्यर्थ सड़कों पर बह रहा है। लेकिन व्यर्थ बह रहे इस पानी की सुध लेने वाला कोई नहीं है जिससे राहगीर तथा दुकानदार काफी परेशान है।

दुकानदार अशोक गोयल, सुरेंद्र बंसल, विनोद गोयल आदि ने बताया कि घरों में पीने के पानी की सप्लाई करीबन 10 दिन में एक बार होती है जबकि उनके दुकान के आगे पानी सप्लाई की पाइपलाइन को लीक हुए करीबन 1 महीने से अधिक समय बीत गया है बावजूद इसके संबंधित विभाग का कोई भी कर्मचारी इसकी सुध लेने नहीं आया है। जिससे पानी सप्लाई के समय हजारों लीटर पानी सड़कों पर व्यर्थ बह रहा है।

इस दौरान उनकी दुकान के आगे कीचड़ बना रहता है और राहगीरों तथा ग्राहकों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, वहीं उन्हें स्वयं भी इसके कारण अनेक तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों ने बताया कि संबंधित विभाग के कर्मचारियों को वह इस बारे में काफी दफा कह चुके हैं लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही के चलते आजतक कोई समाधान नहीं हुआ है। ऐसे में जहां एक तरफ तो तोशाम निवासी पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं वहीं दूसरी तरफ विभागीय कर्मचारियों की लापरवाही के कारण हजारों लीटर पीने का पानी व्यर्थ सड़कों पर बह रहा है।

इस संबंध में जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ विक्रम पूनिया से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में आ चुका है। मैंने जेई को बोल दिया है जल्द ही पाइपलाइन को ठीक करवा दिया जाएगा।

## अपना घर में वरिष्ठ नागरिक अधिनियम पर दी जानकारी

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के मार्गदर्शन में तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी–सह–सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पवन कुमार की अध्यक्षता में कृष्ण प्रणामी मंदिर स्थित अपना घर आश्रम में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 के बारे में लोगों को जागरूक करना और समाज में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना है।

सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और देखभाल को सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा इस अधिनियम को लागू किया गया है। बच्चों एवं कानूनी वारिसों का दायित्व है कि वे अपने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का उचित भरण-पोषण करें। अधिनियम के तहत वरिष्ठ नागरिक अपने भरण-पोषण के लिए ट्रिब्यूनल में याचिका दायर कर सकते हैं। कार्यक्रम में सुनील मुलोदिया, पैनल एडवोकेट, और यशवीर सिंह, पैरा लीगल वॉलंटियर ने सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### हुड्डा ने पूर्व सीपीएस के भाई के निधन पर जताया शोक



**चरखी दादरी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह, पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह समेत अनेक नेताओं और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने पूर्व सीपीएस रणसिंह मान के छोटे भाई रिटायर्ड बैंक मैनेजर उमराव सिंह मान के निधन पर उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों से मिलकर शोक जताया है। इस मौके पर आईएएस कैप्टन मनोज कुमार, पूर्वमंत्री सुभाष बत्रा, प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक शशि परमार, पूर्व विधायक धर्मपाल सांगवान, पूर्व विधायक कर्नल रघुबीर छिल्लर, पूर्व विधायक सोमबीर सांगवान, एसडीएम मनोज दलाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील धानक, जींद जिला कांग्रेस अध्यक्ष ऋषिपाल, धर्मबीर गोयत, इनेलो नेता विजय पचगांव, एडवोकेट बलवान सिंह, एडवोकेट आनंद सिंह, रिम्पी फोगाट, नवीन सैनी, संदीप फोगाट, राजेश शर्मा बंटी, सुरेश पांडवानिया, विजय खोरड़ा, रामावतार खोरड़ा, जगबीर डिगाना, विजय मान, रामभगत यादव, सतपाल सिंह आदि ने उमराव सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## संबंधों को मजबूत बनाता है अध्यात्म : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी



विधायक उमेद पातुवास को स्मृति चिह्न भेंट करती ब्रह्माकुमारी बहनें।

सामाजिक व पारिवारिक संबंधों को अध्यात्म मजबूत बनाता है, वास्तव में आध्यात्मिकता के बल से ही समृद्ध समाज बन सकता है, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में समृद्ध समाज निर्माण में आध्यात्मिकता विषय पर आयोजित स्नेह मिलन में बाढ़डा विस क्षेत्र से विधायक उमेद पातुवास ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलती जीवनशैली में तनाव, असुरक्षा और मूल्यहीनता बढ़ती जा रही है, ऐसे समय में ब्रह्माकुमारी संस्था समाज को शांति, संस्कार और सकारात्मक जीवन शैली की दिशा प्रदान कर रही है।

विधायक उमेद ने कहा कि राजयोग ध्यान न केवल मन को स्थिर बनाता है, बल्कि जीवन को उच्च उद्देश्य और आत्मविश्वास से भी जोड़ता है। विधायक ने संस्था के सेवाकार्यों की सराहना करते हुए समाज में आध्यात्मिक जागृति के लिए ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता चंडीगढ़ से पधारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कविता दीदी ने कहा कि राजयोग ध्यान, आत्म सशक्तिकरण एवं व्यवहारिक आध्यात्मिकता पर प्रेरक उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि मन की शांति बाहरी साधनों से नहीं बल्कि आत्मा के स्वभाव, शांति, प्रेम, आनंद और शक्ति को जागृत करने से प्राप्त होती है। उन्होंने जीवन में सकारात्मक सोच, स्वस्थ दिनचर्या एवं नैतिक मूल्यों के पालन पर जोर दिया। सेवाकेंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करवाते हुए कहा कि मेडिटेशन मानसिक शांति के लिए रामबाण औषधि है, जो हमारी सोच को सकारात्मक बनाकर आपसी संबंधों को मजबूत बना सकती हैं, जिससे सुदृढ़ सभ्य समाज का निर्माण हो सकता हैं।

## डिजिटल पोर्टल से मिलेगी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चरखी दादरी

उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने युवाओं से आह्वान किया है कि वे केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बनाए गए डिजिटल पोर्टलों से जुड़कर सरकारी योजनाओं व नीतियों की जानकारी प्राप्त करें और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि अब सरकारी योजनाओं की जानकारी के लिए पारंपरिक माध्यमों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है।

सरकार ने ऐसे डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किए हैं, जो न केवल योजनाओं की जानकारी देते हैं बल्कि नागरिकों को नीति निर्माण और संवाद का अवसर भी प्रदान करते हैं। इनमें सबसे प्रमुख है माईजीओवी, जो नागरिकों को सरकार के साथ जोड़कर गुड गवर्नेस में भागीदारी सुनिश्चित करता है।

**सूचना**

मैं, अनीता पुत्री सन्त लाल निवासी गांव सहसेवडा तह. लोहारू जिला भिवानी बयान करती हूं कि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम सन्त लाल (Sant Lal) व माता का नाम सरोज देवी (Saroj Devi) है। जबकि मेरे 10th व 12th की मार्कशीट (HBSE BHIWANI) में मेरे पिता का सन्तलाल (Santlal) व माता का नाम सरोज (Saroj) दर्ज है। मैं मेरी 10th व 12th की मार्कशीट में मेरे पिता का नाम सन्त लाल (Sant Lal) व माता का नाम सरोज देवी (Saroj Devi) दर्ज करवाना चाहती हूं।

## समाधान शिविर में शिकायतों का जल्द करें निपटान : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चरखी दादरी

उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को लंबित न रखते हुए तत्परता से समाधान करवाकर समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर रिपोर्ट अपडेट करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त डॉ. नागपाल ने लघु सचिवालय सभागार में विभागाध्यक्षों के साथ समाधान शिविर में शिकायतों को सुना और समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से अनेक पोर्टल जनसेवा को समर्पित किए गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायत पोर्टलों की प्रतिदिन निगरानी रखते हुए प्राप्त शिकायतों का शीघ्र समाधान करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही शिकायत के समाधान उपरांत एटीआर अवश्य अपलोड करें।

### सेक्टर 23 में पेयजल सप्लाई का मुद्दा उठा

**भिवानी।** लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में आयोजित समाधान शिविर में सीटीएम अनिल कुमार ने नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायत कर्ता की समस्या का समाधान के साथ-साथ फोन पर उससे बात कर संतुष्ट करें और एटीआर रिपोर्ट स्पष्ट रूप से भरें ताकि मुख्यालय पर शिकायत रिओपन ना हो। समाधान शिविर में सीटीएम अनिल कुमार के समक्ष ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य सुनील नम्बरदार ने सामान्य अस्पताल में बनी एसकेएस कमेटी को भंग करने की मांग रखी, पूर्व पार्षद ईश्वर सिंह मान ने सर्विस रोड़ पर ग्रील लगवाने बारे, सेक्टर-23 निवासी अजीत ने स्वच्छ पेयजल सप्लाई करवाने और भगत सिंह चौक पर राजकीय कन्या स्कूल के पास से शराब का ठेका हटवाने बारे, सांगा निवासी अजीत ने गांव की फिरनी की पैमाइश करवाने, चांग निवासी अशोक ने बिजली केबल लगवाने, बड़ाला निवासी धूप सिंह ने गली से गंदे पानी के निकासी करवाने बारे शिकायत रखी। इसी प्रकार से सेक्टर-23 निवासी एसके सिंगला ने सेक्टर में सफाई कर्मचारी लगवाने की समस्या सीटीएम के समक्ष रखी।

### रनिंग कर्मियों ने रेलवे जंक्शन पर किया रोष प्रदर्शन



**भिवानी।** नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन के बैनर तले उत्तर पश्चिम रेलवे की विभिन्न रनिंग लॉबी में लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर सोमवार को रनिंग कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा। कर्मचारियों ने भिवानी रेलवे जंक्शन पर जोरदार प्रदर्शन कर रेलवे बोर्ड द्वारा रनिंग स्टाफ से जुड़े मुद्दों पर निर्णय न लेने और जोनल प्रशासन द्वारा मनमर्जी से कार्यवाही करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन के हिसार शाखा मंत्री कृष्ण कौशिक ने किया। उन्होंने बताया कि ये आंदोलन ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन की कोलकाता में संपन्न कार्यकारिणी की बैठक में लिए निर्णय अनुसार देशभर में एक साथ किया गया। देश के अधिकांश जोनों में रनिंग कर्मचारियों ने अपनी आवाज बुलंद की, जिनमें भिवानी प्रमुख केंद्र रहा।

### मासिक मानदेय को लेकर वन मित्रों ने सौंपा मांगपत्र



**भिवानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए एक पेड़ मां के नाम से अभियान चलाया गया, जिसके तहत रोपित किए पौधों की रक्षा वन मित्रों के जिम्मे सौंपी गई, लेकिन पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का बीड़ा अपने कंधों पर उठाकर चल रहे वन मित्र अपने ही हितों की उपेक्षा व आर्थिक संकट से जूझ रहे है। हरियाणा सरकार की पर्यावरण संरक्षण की महत्वाकांक्षी वन मित्र योजना के तहत कार्यरत स्वयंसेवकों ने सोमवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि उन्हें तत्काल आवश्यक सुविधाएं और मासिक मानदेय प्रदान किया जाए। उपायुक्त को सौंपे मांगपत्र में वन मित्र नरेंद्र, प्रदीप दादरी, संदीप, बलजीत, हरदीप छपार, राकेश सिप्पर, दिनेश, राजेश व अजय ने मांग उठाई।

## रामलीला नाट्य मंचन में वैश्य इंटरनेशनल स्कूल जीता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी



सामाजिक संस्था श्री श्याम प्रीत मंडल ट्रस्ट भिवानी के तत्वावधान में विद्यालय स्तरीय सूक्ष्म रामलीला नाट्य मंचन प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पावन सानिध्य महंत डॉ अशोक गिरी , बतौर मुख्य अतिथि नरेश गर्ग ढिगावा वाले, समारोह अध्यक्ष कैलाश चन्द गुप्ता, स्वागताध्यक्ष सचिन जैन वर्धमान ज्वैलर्स व अशोक सिंह लक्ष्मी बीकानेर, विशिष्ट अतिथि प्रवीण कुमार विशाल टेलर्स, अशोक अग्रवाल पंसारी व विकास सांगवान कार केयर प्वाइंट ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व श्री श्याम बाबा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज भरतवाल व महासचिव अश्विनी कुमार ने बताया कि मंडल ट्रस्ट द्वारा अगस्त माह में आयोजित जिला स्तरीय रामायण महाभारत लिखित परीक्षा में दस स्थान प्राप्त करने वाले 24 विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया व विकास स्कूल राजगढ़, वैश्य माडल स्कूल, जनसेवा विधा विहार, हलवासिया स्कूल व भिवानी पब्लिक स्कूल को आदर्श संस्कारी विधालय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राजगढ़ के विकास हाई स्कूल को सर्वाधिक स्थान प्राप्तकर्ता विधालय ट्राफी से नवाजा गया।

रामलीला नाट्य मंचन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वैश्य इंटरनेशनल स्कूल, दूसरा स्थान वैश्य माडल स्कूल, तीसरा स्थान हलवासिया विधा विहार स्कूल ने प्रोत्साहन पुरस्कार श्री देव पाठशाला व डी ए वी पुलिस पब्लिक स्कूल ने अर्जित किया। समारोह में गौरव, डॉ नवीन, सोनू मितल, नरेंद्र होनी, अजय गौतम, संकेत, सुनील दत, आशिष, धर्मवीर उपस्थित रहे।

**हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम**

**बारहवां पुरस्कार (लंच बॉक्स–150 नग) (51 से 100)**

❖ विरेन्द्र सिंह सुपुत्र श्री राजेन्द्र सिंह, गांव कबलाना, झज्जर ❖ श्री रामसरूप बैनीवाल सुपुत्र श्री छोटूराम बैनीवाल, कृष्णा कॉलोनी, कुंदन सिनेमा, जीन्द ❖ प्रवीन सुपुत्र श्री सत्यवीर, जहाजगढ, बेरी, झज्जर ❖ प्रवीन कुमार वर्मा सुपुत्र श्री कस्तूरी लाल वर्मा, जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ कर्ण सिंह सुपुत्र श्री मुण्डे राम, मदाना झज्जर ❖ विजेन्द्र कुमार सुपुत्र श्री प्रकाश चन्द्र वार्ड नं. 2, जुलाना, जीन्द ❖ ईश्वर (ईश्वर हेयर सैलून, पिल्लूखेड़ा) जामनी रोड, जीन्द ❖ अभय सिंह सुपुत्र स्व. श्री मामचन्द, दौंगड़ा अहीर, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ मुस्कान योगी सुपुत्री श्री खुशीराम योगी, जाँट, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ सौरव सुपुत्र श्री संजय कुमार, वार्ड 1, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ राजरानी धर्मपत्नी श्यमलाल मोहल्ला देदेवाडा मन्दिर गुढा, झज्जर ❖ संदीप कुमार जांगड़ा सुपुत्र श्री चांद सिंह, गांव रभड़ा, गोहाना, सोनीपत ❖ रामपाल पुत्र श्री रामेश्वर निवासी गांव छिछड़ाना, गोहाना जिला सोनीपत ❖ दया राम सुपुत्र श्री शम्बू राम, बोचारिया, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ हर्ष कुमार बावलिया सुपुत्र श्री जयवीर बावलिया, साल्हावास, झज्जर ❖ अजंलि सुपुत्री श्री प्रभात सिंह, गांव सिवाना, बेरी, झज्जर ❖ राजकुमार शर्मा सुपुत्र श्री रामानन्द शर्मा, पाना बैठ्यान वार्ड नं. 12, कस्बा बेरी, झज्जर ❖ ईन्द्र मोहन सुपुत्र श्री रघुवीर प्रसाद, गांव बोचड़िया, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ रामबिलास सैनी सुपुत्र श्री मेहर सिंह सैनी, वार्ड 1, सिनेमा रोड, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री टेकराम फौजी सुपुत्र भूप सिंह, सेठों वाली गली, हरिपुरा मोहल्ला, वार्ड नं. 9, झज्जर ❖ विदित सिंगल सुपुत्र श्री सन्दीप सिंगल, महेश फैन्सी क्लॉथ स्टोर, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ स्नेहा सुपुत्री श्री संजीव कुमार, कनीना, वार्ड नं. 8, महेन्द्रगढ़ ❖ दिव्या सुपुत्री श्री संदीप रूहिल, रोहद, बहादुरगढ, झज्जर ❖ सुमित रूहिल सुपुत्र श्री कृष्ण, गांव व डा. दहकोरा, बहादुरगढ, झज्जर ❖ विजय भाटिया सुपुत्र श्री लाल चंद भाटिया, 5149/50, टॉपची वारा, रेवाड़ी ❖ सुधीर कुमार जैन पुत्र श्री रायचन्द जैन निवासी मकान नं. 263, सेक्टर 13, हुडा, भिवानी ❖ विधि सुपुत्री प्रहलाद अग्रवाल मुसेपुर (बेरली) रेवाड़ी ❖ अमित कुमार सुपुत्र श्री जगराम, नाजरा, भाखली, मनेठी, रेवाड़ी ❖ अजय यादव सुपुत्र श्री हरकेश यादव, गांव गोलियाका, पुन्सिका, मनेठी, रेवाड़ी ❖ यश वर्मा सुपुत्र श्री प्रवीन कुमार वर्मा जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ ज्योत्सना पत्नी श्री संदीप निवासी 109/14, चरखी दादरी ❖ प्रदीप ग्रेवाल पुत्र श्री दयानन्द ग्रेवाल निवासी न्यू डिफेन्स कालोनी, रोहतक रोड़, गली नं.1, भिवानी ❖ श्री ओमप्रकाश सुपुत्र श्री रामकुमार, गांव मनेठी, रेवाड़ी ❖ राजवंती पत्नी श्री महाबीर सिंह निवासी आर्य नगर, सोनीपत ❖ भारती आंतिल सुपुत्री श्री परवीन आंतिल, गांव व डा. कुराड़, इब्राहिम पुर मं नं. 122 ❖ विपिन सुपुत्र श्री राजीव, बछराना, बावल, रेवाड़ी ❖ उपराव सिंह पुत्र श्री नानु राम निवासी गांव सांखोल, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ जयभगवान पुत्र श्री पोहकर मल निवासी धर्म विहार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ नरेन्द्र सिंह पुत्र श्री महेन्द्र सिंह निवासी कोंट रोड़, गली नं. 4, शांति नगर, भिवानी ❖ राजेन्द्रा कुमार पुत्र श्री चिरन्जी लाल निवासी 906ए, सूर्या नगर, कोंट रोड़, भिवानी ❖ वेद प्रकाश पुत्र श्री भूप सिंह निवासी गांव मातन, बहादुरगढ, जिला झज्जर ❖ इन्द्रसिंह सुपुत्र श्री देशराज सिंह गांव जै जैवन्ती, जुलाना, जीन्द ❖ सुरेन्द्र पुत्र श्री गोरधन, गांव बड़ौद, जींद ❖ उमेद सिंह सुपुत्र श्री शिवनारायण कुन्डू ❖ संजय कुमार सुपुत्र श्री दलबीर सिंह, गांव जामनी, सफीदों ❖ श्याम सुन्दर सुपुत्र श्री गोकुल राम, रेलवे रोड, नजदीक को-ऑपरेटिव बैंक, महेन्द्रगढ़ ❖ स्पर्श सुपुत्र श्री रमन, मं नं. 375/14, 4 मरला, सोनीपत ❖ महेन्द्र कुमार सुपुत्र श्री रघुपाल बंसल, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री अर्जुन सिंह सुपुत्र श्री रामस्वरूप, गांव अटेली, नांगल, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ मिनाक्षी सुपुत्री श्री सोमबीर, दगड़ोली, बाढ़ड़ा, चरखी दादरी

क्रमशः

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते है :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

### बीके. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने खेलों में बाजी मारी

# दौड़ में गौरव ने प्रथम तो अंकित ने द्वितीय स्थान हासिल किया

विद्यार्थियों ने शुक्रवार और शनिवार को दो दिवसीय जयपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बवानीखेड़ा



**बवानीखेड़ा।** प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

बीके. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बवानी खेड़ा में निजी स्कूल कल्याण संघ हरियाणा की ओर से हुई वार्षिक अंतर-विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2025 के अवसर पर बड़े हर्षोल्लास का वातावरण रहा। यह खेल प्रतियोगिता 15 व 16 नवंबर को विद्यांतरिक्ष विद्यालय में आयोजित करवाई गई, जिसमें 50 विद्यालयों से 3500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बीके. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से चार विद्यार्थियों ने भाग लिया। अंडर-19 में कक्षा दसवीं से गौरव प्रताप सिंह ने 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान व 100 गुणा 4 रिले दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं से अंकित ने 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान 100 गुणा 4 रिले दौड़ में भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौवीं से श्लोक ने 100 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान व 100 गुणा 4 रिले दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौवीं से निखिल ने 100 गुणा 4 रिले दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी दौरान विद्यार्थियों ने शुक्रवार और शनिवार को दो दिवसीय जयपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने हवा महल, आमेर किला, जंतर-मंतर, सिटी पैलेस, जल महल, बिरला मंदिर, बायोलॉजिकल जू पार्क, पत्रिका गेट, राज मंदिर,अल्बर्ट हॉल म्यूजियम आदि सहित कई ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों का अवलोकन किया। विद्यालय प्राचार्य पंकज मिश्रा ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी। भारत को जानो प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को आगामी राज्य स्तर की चुनौती के लिए मार्गदर्शन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसी के साथ उन्होंने जयपुर भ्रमण के बारे में बताया कि ऐसे शैक्षणिक दौरों से बच्चों के ज्ञान में वृद्धि होती है और कक्षा-कक्षाओं के बाहर सीखने के अवसर मिलते हैं। टूर संचालक मनीष शंकर ने बताया कि इस भ्रमण के दौरान 114 बच्चों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि बच्चों ने इस दौरान भरपूर आनंद लिया। ऐसी गतिविधियों से बच्चों को सामाजिक एवं आंतरिक ज्ञान भी मिलता है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष जोगेन्द्र जांगड़ा, सचिव योगेश शर्मा, वरिष्ठ संचालक योगेंद्र सिंह, कनिष्ठ संचालिका मंजू मलिक, नागेन्द्र, चंदा, पार्वती, टूर संचालक मनीष शंकर, पूनम मिश्रा जी,अध्यापक अमित कुमार,सतेंद्र गिल, संजीव कुमार, प्रमोद बंसल, रीना जाखड़, मीनू वालिया, दिव्या कुमारी एवं हिमानी ने उपस्थिति दर्ज करवाई।

